# *भारत का विदेश व्यापार: 2007-08 (अप्रैल-नवंबर)**

अभी-अभी वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएंडएस) ने भारत के वणिक माल के व्यापार संबंधी अप्रैल-नवंबर 2007 के अनंतिम आंकड़े और अप्रैल-सितंबर 2007 का पण्यवार ब्योरा जारी किया है। इन आंकड़ों के आधार पर यह समीक्षा की गई है।

## मुख्य -मुख्य बातें

- वणिक माल के निर्यात में जुलाई 2007 से देखी गई वृद्धि दर की गति बनाए रखते हुए नवंबर 2007 के दौरान 26.8 प्रतिशत (नवंबर 2006 में 34.3 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई। 2007-08 (अप्रैल-नवंबर) के प्रारंभिक आठ माह के दौरान निर्यात में 21.9 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई । लेकिन, अप्रैल-नवंबर 2006 की 26.2 प्रतिशत की तुलना में इसमें नरमी आयी।
- आयात में अप्रैल-नवंबर, 2007 के दौरान मुख्यत: तेल से इतर के आयात की मजबूत वृद्धि के कारण एक वर्ष पूर्व की उसी वृद्धि दर (27.4 प्रतिशत) को बनाए रखते हुए 26.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पेट्रोल, तेल और चिकनाई (पीओएल) के आयात की वृद्धि में नरमी आई।
- तेल से इतर आयात ने भरपूर औद्योगिक गतिविधियों के कारण प्रारंभिक आठ माह के दौरान 35.3 प्रतिशत (एक वर्ष पूर्व 21.3 प्रतिशत ) की तीव्र वृद्धि दर्ज करते हुए इस अवधि में समग्र आयात में 88 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की ।
- समीक्षा के दौरान, पेट्रोल, तेल और चिकनाई के आयात में वृद्धि कच्चे तेल की कीमतों में सामान्य वृद्धि तथा आयात की मात्रा में कम वृद्धि के कारण अप्रैल-नवंबर, 2007 के दौरान एक वर्ष के पूर्व के

* यह लेख अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग, आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक में तैयार किया गया है ।

42.2 प्रतिशत से काफी कम हो कर 9.8 प्रतिशत रह गई ।


- अप्रैल-नवंबर 2007 के दौरान कच्चे तेल के भारतीय बास्केट के औसत मूल्य में अप्रैल-नवंबर, 2006 की 20 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- व्यापार घाटा अप्रैल-नवंबर, 2007 के दौरान 52.8 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया, जो अप्रैल-नवंबर 2006 (38.5 बिलियन अमरीकी डॉलर) की तुलना में 14.3 बिलियन अमरीकी डॉलर अधिक था।

## निर्यात

नवंबर 2007 के दौरान भारत के वणिक माल के निर्यात में वृद्धि की गति को बनाए रखते हुए 26.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई गई, हालांकि इसमें नवंबर 2006 के 34.3 प्रतिशत की तुलना में गिरावट आई (चार्ट 1 और विवरण 1)।

मासिक प्रवृत्ति इस बात का संकेत देती है कि जून 2007 तक निर्यात वृद्धि मंद रही, परन्तु जुलाई 2007 से उसमें वृद्धि शुरू हो गई । भारत सरकार द्वारा

चार्ट 1 : भारत के निर्यात में वृद्धि




**सारणी अ : भारत का वणिक व्यापार : अप्रैल - नवंबर**

(मिलियन अमरीकी डालर)


| मद | 2006-07 सं. | 2007-08 अं. |
|---|---|---|
| निर्यात | 80,648 | 98,298 |
| | (26.2) | (21.9) |
| तेल निर्यात * | 9,956 | 12,623 |
| | (103.5) | (26.8) |
| तेल से इतर निर्यात* | 51,186 | 59,286 |
| | (18.6) | (15.8) |
| आयात | 119,106 | 151,094 |
| | (27.4) | (26.9) |
| तेल आयात | 39,419 | 43,283 |
| | (42.0) | (9.8) |
| तेल से इतर आयात | 79,687 | 107,811 |
| | (21.3) | (35.3) |
| व्यापार संतुलन | -38,457 | -52,795 |

**टिप्पणी:** * आंकड़े अप्रैल - सितंबर से संबधित हैं।
कोष्ठकों के आंकड़े पिछली वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन दर्शाते हैं ।
अ : अनंतिम सं. : संशोधित
**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

निर्यातकों के लिए घोषित राहत के विभिन्न उपायों को अनुबंध में दिया गया है। 2007-08 के प्रारंभिक आठ महीनों (अप्रैल नवंबर 2007) के दौरान समग्र निर्यात आय 98.3 बिलियन (एक वर्ष पूर्व 80.6 बिलियन अमरीकी डॉलर) रहा, जो पिछले वर्ष के 65 प्रतिशत(125 बिलियन अमरीकी डॉलर) की तुलना में 2007-08 के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा निर्धारित निर्यात लक्ष्य (160 बिलियन अमरीकी डॉलर) का 61 प्रतिशत था (सारणी अ) ।

चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2007) के लिए उपलब्ध पण्य-वार व्यापार आंकड़ों से यह प्रकट होता है कि रत्न और आभूषणों को छोड़कर सभी प्रमुख पण्य समूहों की वृद्धि में गिरावट आई है। लेकिन, इंजीनियरिंग माल, पेट्रोलियम उत्पाद तथा रत्न और आभूषण निर्यात वृद्धि के प्रेरक थे, तथा अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान निर्यात वृद्धि में उनका संयुक्त हिस्सा 67 प्रतिशत था (चार्ट 2)।

चार्ट 2 : निर्यात वृद्धि में चुनिंदा पण्यों का हिस्सा
(अप्रैल - सितंबर)





प्राथमिक उत्पाद समूह में, कृषि और कृषि से संबंधित उत्पादों के निर्यात में गिरावट जारी रही जबकि लौह अयस्क और खनिजों में वृद्धि की गति बनी रही। चाय, कॉफी, गेहूँ, कपास, काजू और समुद्री उत्पाद जैसे प्रमुख पण्यों के निर्यात में गिरावट आने के कारण कृषि और कृषि से संबंधित उत्पादों का निर्यात एक वर्ष पूर्व के 24.0 प्रतिशत से गिरकर अप्रैल - सितंबर 2007 के दौरान 15.1 प्रतिशत रह गया। उसी अवधि में प्रमुख बाजारों जैसे यूके, यूएस, बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, जापान, बेल्जियम और चीन को इन वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आई। कृषि और कृषि से संबंधित उत्पादों की निर्यात वृद्धि में 2006-07 से निरंतर गिरावट दर्ज की गई तथा इसका प्रमुख कारण यह है कि चाय, कॉफी, मसाला, गेहूं तथा काजू जैसे परंपरागत मदों के निर्यात में व्यापक उतार-चढ़ाव आया है। जून 2007 के बाद अधोमुखी प्रवृत्ति उलट गई, लेकिन सितंबर 2007 के दौरान फिर गिरावट चालू हुई (चार्ट 3)। लौह अयस्क में टर्नअराउंड आने के कारण अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान अयस्क और खनिज का निर्यात पिछले वर्ष के 8.8 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 15.7 प्रतिशत हो गया तथा कुल निर्यात का लगभग 89 प्रतिशत चीन से संबंधित था।

मुख्यत: रसायन और संबंधित उत्पादों, इंजीनियरिंग वस्तु तथा कपड़ा और कपड़ा उत्पाद के निर्यात में गिरावट के कारण विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात की वृद्धि में गिरावट दर्ज की गई (एक वर्ष पहले की 18.3 प्रतिशत की तुलना में 14.1 प्रतिशत) । चमड़ा और चमड़े के उत्पाद ने 9.5 प्रतिशत की वृद्धि बनाए रखी, जबकि हथकरघा ने ऋणात्मक वृद्धि दर्ज करना जारी रखा।

मशीनरी और उपस्कर, लोहा और इस्पात तथा इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में गिरावट के कारण इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में गिरावट( एक वर्ष पूर्व के 37.8 प्रतिशत से 20.8 प्रतिशत ) दर्ज की गई गई। प्लास्टिक और लिनोलियम में ऋणात्मक वृद्धि तथा मूल रसायन, फार्मास्यूटिकल तथा कॉस्मेटिक, रबड़, कांच, रंग और इनॅमल में गिरावट आने से रासायनिक और संबंधित उत्पादों की वृद्धि में गिरावट (एक वर्ष पूर्व के 22.0 प्रतिशत से 11.4 प्रतिशत) दर्ज की गई।

चार्ट 3: कृषि तथा कृषि संबधित उत्पादो के निर्यात की प्रवृत्ति



कपड़ा और कपड़ा उद्योग के निर्यात में अगस्त 2007 तक दर्ज की गई ऋणात्मक वृद्धि के बाद 1.3 प्रतिशत की वृद्धि (एक वर्ष पूर्व 11.6 प्रतिशत ) दर्ज की गई। लेकिन, तैयार कपड़ों के निर्यात, जिसका कपड़ा और कपड़ा उत्पाद के निर्यात में लगभग 49 प्रतिशत का हिस्सा है, में निराशाजनक प्रदर्शन (3.3 प्रतिशत की गिरावट) जारी रही।

रत्न और आभूषणों के निर्यात में उछाल की प्रवृत्ति जारी रही तथा उनके निर्यात में एक वर्ष पूर्व हुई 1.0 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान 21.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस अवधि के दौरान हांगकांग, यूएई और बेल्जियम को हुए निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। रत्न और आभूषण संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2007 के दौरान रत्न और आभूषणों के निर्यात में पिछले वर्ष की उसी अवधि की तुलना में 22.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान, पेट्रोलियम उत्पाद के निर्यात में 26.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो एक वर्ष पूर्व के 103.5 प्रतिशत के स्तर से तीव्र गिरावट दर्शाता है। यूएई, सिंगापुर और ब्राजील जैसे प्रमुख बाजारों को हुआ निर्यात एक वर्ष पूर्व से कम रहा।

गंतव्य-वार, अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान यूएस अपने 13.7 प्रतिशत (एक वर्ष पूर्व 15.3 प्रतिशत) हिस्से के साथ भारत से निर्यात का प्रमुख बाजार बना रहा। अन्य प्रमुख बाजारों में यूएई (10.3 प्रतिशत), चीन (5.3 प्रतिशत), यूके (4.3 प्रतिशत ) और सिंगापुर (4.2 प्रतिशत ) हैं। क्षेत्र-वार यूरोपीय यूनियन (ईयू) और पूर्वी यूरोप ने तेज वृद्धि दिखाई, जबकि अप्रैल-सितंबर 2007 में उत्तर अमरीका, ओपेक और विकासशील देशों के निर्यात में गिरावट आई (विवरण 4)।

## आयात

पिछले वर्ष की वृद्धि दर (27.4 प्रतिशत ) को बनाए रखते हुए अप्रैल-नवंबर 2007 के दौरान 26.9 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ आयात 151.1 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। आयात की समग्र वृद्धि में लगभग 88 प्रतिशत हिस्से के साथ तेल से इतर आयात में 35.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई , जबकि पेट्रोल, तेल और चिकनाई के आयात में तीव्र गिरावट दर्ज की गई ।

अप्रैल-नवंबर 2007 के दौरान पेट्रोल, तेल और चिकनाई का आयात, समग्र आयात में लगभग 29 प्रतिशत हिस्से के साथ, 43.3 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। आलोच्य अवधि में कच्चे तेल की कीमतों में हुई कम वृद्धि और पेट्रोल, तेल और चिकनाई के आयात की मात्रा में मन्द वृद्धि के कारण 9.8 प्रतिशत (अप्रैल-नवंबर 2006 में 42.0 प्रतिशत) पर तेल के आयात में कमी बनी रही। अप्रैल-नवंबर 2007 के दौरान कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का औसत मूल्य 73.0 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल रहा, जो पिछले वर्ष की उसी अवधि के 19.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक था (सारणी आ)। अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान तेल आयात की मात्रा में एक वर्ष पूर्व के 18.0 प्रतिशत की तुलना में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (पेट्रोलियम आयोजना और विश्लेषण कक्ष), भारत सरकार, के अनुसार, अप्रैल-नवंबर 2007 के दौरान पेट्रोलियम उत्पाद की खपत पिछले वर्ष की उसी अवधि की तुलना में 4.5 प्रतिशत अधिक थी।

तेल से इतर आयात के मामले में, पूंजीगत वस्तुएं और सोना तथा चाँदी आयात वृद्धि में संयुक्त रूप में 42 प्रतिशत के हिस्से के साथ आयात वृद्धि के प्रमुख

**सारणी आ : कच्चे तेल की कीमतों की प्रवृत्तियां**

(अमरीकी डॉलर/बैरल)

| | दुबई | यूके ब्रेंट | यूएस डब्ल्यूटीआई | भारतीय बास्केट* |
|---|---|---|---|---|
| 1995-96 | 16.2 | 17.5 | 18.8 | 16.7 |
| 2000-01 | 25.9 | 28.1 | 30.3 | 26.8 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 39.2 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.7 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.4 |
| 2006-07 (अप्रैल-नवंबर) | 63.1 | 67.0 | 67.6 | 64.9 |
| 2007-08 (अप्रैल-नवंबर) | 71.0 | 75.8 | 75.3 | 73.0 |
| नवंबर 2006 | 56.8 | 58.5 | 59.1 | 57.8 |
| नवंबर 2007 | 86.7 | 92.5 | 94.8 | 89.1 |

**टीप्पणी :** * 2007-08 के लिए भारतीय बास्केट का संयोजन ओमान और दुबई के स्वीट ग्रेड और सोर ग्रेड एवं ब्रैंट (दिनांकित) का औसत अनुपात 61.4 : 38.6 दर्शाता है ।


**स्रोत:** (1) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी
(2) विश्व बैंक पण्य मूल्य : पिंकशीट दिसंबर 2007
(3) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार

कारक रहे । अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान, पूंजीगत माल का आयात एक वर्ष पूर्व की 39.1 प्रतिशत की वृद्धि के ऊपर 26.9 प्रतिशत बढ़ा, जो औद्योगिक गतिविधियों में उछाल दर्शाता है। यह पूंजीगत माल के आयात और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की सह-गतिविधि से स्पष्ट है (चार्ट 4)।

सोना तथा चाँदी के आयात में एक वर्ष पूर्व के 3.1 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 71.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अन्य मदें, जो तेल से इतर आयात में वृद्धि के कारक रही, वे हैं- लोहा और इस्पात, मोती, मूल्यवान तथा अर्ध-मूल्यवान पत्थर, रसायन, कोयला, कोक और ब्रिकेट (विवरण 5 और चार्ट 5)।


स्रोत-वार, अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान चीन कुल आयात के 11.2 प्रतिशत हिस्से के साथ आयात (

चार्ट 4 : 2007-08 के दौरान औद्योगिक उत्पादन वृद्धि तथा पूंजी माल आयात में वृद्धि




तेल और तेल से इतर आयात) का प्रमुख स्रोत बना रहा। आयात के अन्य प्रमुख स्रोत रहे- सऊदी अरब (7.2 प्रतिशत), यूएस (5.8 प्रतिशत), स्विटजरलैंड (5.6 प्रतिशत), यूएई (5.5 प्रतिशत), ईरान (4.2 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (4.0 प्रतिशत) और जर्मनी (3.8 प्रतिशत) [विवरण 6] ।

चार्ट 5 : तेल से इतर आयात वृद्धि में चुनिंदा पण्यों का हिस्सा (अप्रैल - सिंतबर)



**सारणी इ : विश्व वणिक व्यापार में वृद्धि**

(प्रतिशत)

| देश/क्षेत्र | निर्यात (जनवरी- अक्तूबर) | | आयात (जनवरी-अक्तूबर) | |
|---|---|---|---|---|
| | 2006 | 2007 | 2006 | 2007 |
| विश्व * | 14.6 | 13.8 | 14.6 | 12.9 |
| औद्योगिक देश * | 10.9 | 13.1 | 12.6 | 10.3 |
| विकासशील देश | 19.2 | 15.7 | 17.9 | 17.6 |
| यूएसए | 14.8 | 11.9 | 12.3 | 4.1 |
| ईयू# | 21.9 | 17.7 | 28.5 | 14.6 |
| जापान | 8.1 | 8.9 | 12.8 | 6.2 |
| चीन | 26..8 | 26.5 | 20.9 | 19.7 |
| सिंगापुर | 20.1 | 9.7 | 19.6 | 8.9 |
| कोरिया | 14.2 | 13.8 | 16.2 | 13.2 |
| हांगकांग | 8.5 | 9.2 | 10.8 | 10.1 |
| मलेशिया | 13.2 | 9.1 | 13.9 | 11.3 |

* जनवरी - सितंबर
# जनवरी - नवंबर

**स्रोत:** (1) अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष
(2) यूरोस्टॅट

## व्यापार घाटा


अप्रैल-नवंबर, 2007 के दौरान व्यापार घाटा एक वर्ष पूर्व की तुलना में 37.1 प्रतिशत (38.5 बिलियन अमरीकी डॉलर) से बढ़कर 52.8 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया [विवरण 2]। तेल के कारण हुआ व्यापार घाटा अप्रैल-सितंबर, 2007 के दौरान 2.3 बिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 22.0 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। जबकि तेल से इतर का व्यापार घाटा 11.1 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 17.7 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

## वैश्विक गतिविधियां

### *व्यापार की प्रवृत्तियां*

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2007 के पहले 9 महीनों (जनवरी-सितंबर) में विश्व निर्यात में एक वर्ष पूर्व के 14.6 प्रतिशत की तुलना में 13.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (सारणी इ)। जनवरी-अक्तूबर, 2007 के दौरान, औद्योगिक देशों में से हुए निर्यात में 13.1 प्रतिशत (एक वर्ष पूर्व 10.9 प्रतिशत) की उच्चतर वृद्धि दर्ज की गई। जबकि, उसी दौरान विकासशील देशों की वृद्धि में 15.7 प्रतिशत (19.2 प्रतिशत) पर गिरावट आई।

चार्ट 6 : पण्य मूल्य




### *पण्य मूल्य*

विश्व बैंक पण्य मूल्य आंकड़ों के अनुसार, चौथी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर, 2007) में पण्य के मूल्यों में सभी स्तर पर तीव्र वृद्धि हुई। तिमाही के दौरान, ऊर्जा के दाम पिछले वर्ष की उसी अवधि की तुलना में 48.4 प्रतिशत बढ़े जबकि, ऊर्जा से इतर पण्यों की कीमतों में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई (चार्ट 6)। ऊर्जा से इतर समूह में, कृषि तथा खाद्यान्न की कीमतें क्रमश: 24.6 प्रतिशत और 35.6 प्रतिशत, बढ़ गईं । अन्य मदें, जिनमें तीव्र मूल्यवृद्धि हुई वे हैं- चरबी तथा तेल और उर्वरक।

**अनुबंध : निर्यातकों के लिए राहत उपाय**

भारत सरकार ने रुपए की दर में होनेवाली वृद्धि के परिप्रेक्ष्य में निर्यात वृद्धि की गति निरंतर बनाए रखने हेतु विशेष क्षेत्रों के लिए विभिन्न चरणों में निम्नानुसार विभिन्न राहत उपायों की घोषणा की है। इन उपायों में मोटे तौर पर (डीईपीबी) शुल्क वापसी दर, सेवा कर की वापसी, सीमा शुल्क की के मूल दरों में कटौती, निर्यात ऋण पर ब्याज दरों की आर्थिक सहायता देना और आयात बिलों की सीधी प्राप्ति सीमा में वृद्धि करना शामिल हैं।

| घोषणा की तारीख | राहत उपाय |
|---|---|
| 12 जुलाई 2007 | (i) नौ क्षेत्रों जैसे, कपड़ा (हथकरघा सहित), तैयार कपड़े, चमड़े के उत्पाद, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग उत्पाद, संसाधित कृषि उत्पाद, समुद्री उत्पाद, खेल की वस्तुओं तथा खिलौनों की डीईपीबी दरों में 3 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। अन्य मदों के लिए डीईपीबी दरों में 2 प्रतिशत वृद्धि की गई। (ii) शुल्क वापसी की वर्तमान दरों में 10 से 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। (iii) ईसीजीसी के वर्तमान प्रीमियम की दरों में 10 प्रतिशत की कटौती की गई । (iv) टर्मिनल उत्पाद शुल्क (टीइडी) और केंद्रीय बिक्री कर (सीएसटी) की प्रतिपूर्ति के सभी बकायों का निपटान किया गया है। (v) विशिष्ट क्षेत्रों (हथकरघा सहित कपड़ा, तैयार कपड़े, चमड़े के उत्पाद, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग उत्पाद, संसाधित कृषि उत्पाद, समुद्री उत्पाद, खेल की वस्तुओं तथा खिलौनों) के निर्यातकों के लिए तथा एसएमई क्षेत्र के सभी निर्यातकों के लिए लदान पूर्व और लदानोत्तर ऋण पर 2 प्रतिशत की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। |
| 17 सितंबर 2007 | चार करयोग्य सेवाओं, जो ’ निविष्टि सेवा’ के रूप में नहीं हैं, लेकिन जिन्हें निर्यात माल से संबंधित किया जा सकता है, के संबंध में निर्यातकों द्वारा प्रदत्त सेवा करों की वापसी: (क) निर्यात के लिए दी गई बंदरगाह सेवा (ख) निर्यात के लिए दी गई अन्य बंदरगाह सेवाएं, और (ग) माल वहातुक ऐजेंसी द्वारा निर्यात माल की आइसीडी से निर्यात बंदरगाह तक सड़क मार्ग से की गई सेवा और निर्यात माल की आइसीडी से निर्यात बंदरगाह तक रेल कंटेनर से की गई सेवा । |
| 6 अक्तूबर 2007 | (क) सेवा कर की वापसी का विस्तार तीन ऐसी अतिरिक्त करयोग्य सेवाओं तक करना, जो ’निविष्टि सेवा’ के रूप में नहीं है, लेकिन वह |

| | |
|---|---|
| | निर्यात मालों से जोड़ी जा सकती है : निर्यात मालों के बीमा के संबंध में निर्यातक को दी गई सामान्य बीमा सेवाएं ,निर्यात माल की तकनीकी जांच और विश्लेषण और निरीक्षण के संबंध में तकनीकी जांच और विश्लेषण एजेंसी द्वारा दी गई सेवाएं और निर्यात मालों के निरीक्षण और प्रमाणीकरण के संबंध में प्रमाणीकरण एजेंसी सेवाएं।<br>(ख) 31.10.2008 तक वैध निर्यातक के ईईएफसी खाते पर अधिकतम 1 मिलियन अमरीकी डॉलर की सीमा के अधीन बकाया शेष पर ब्याज अदायगी का प्रावधान ।<br>(ग) लदान पूर्व और लदान के बाद ऋण पर ब्याज की आर्थिक सहायता की अवधि 31.12.2007 से बढ़ाकर 31.3.2008 तक कर दी गई ।<br>(घ) चार और क्षेत्रों (i) जूट और कार्पेट, (ii) काजू, कॉफी और चाय (iii) तेल निकलना और खली तथा (iv) प्लास्टिक और लिनोलिन, के लिए ब्याज आर्थिक सहायता का विस्तार ।<br>(ड़.) कृषि और ग्रामीण उद्योगों के उत्पादनों के निर्यात संवर्धन के लिए बनाई गई विशेष कृषि और ग्राम उद्योग योजना (वीकेजीयूवाइ) के अंतर्गत कवरेज का विस्तार। |
| 7 नवंबर 2007 | भारतीय रिज़र्व बैंक ने, क्षेत्र विशेष उपायों के रूप में, कच्चे हीरों के आयात के लिए हैसियत न रखनेवाले निर्यातकों को राहत के रूप में आयात बिलों / दस्तावेजों की सीधी प्राप्ति की सीमा 100,000 अमरीकी डॉलर से बढ़ाकर 300,000 अमरीकी डॉलर करने की घोषणा की है। |
| 29 नवंबर 2007 | (क)कपड़ा उद्योग से संबंधित निम्नलिखित मदों के लिए मूल सीमा शुल्क में कटौती: पॉलीएस्टर फिलामेंट सूत और पॉलीएस्टर स्टेपल रेशे पर की 7.5 प्रतिशत से 5 प्रतिशत, अन्य मानव निर्मित फिलामेंट धागे जैसे अॅक्रेलिक, विस्कोस आदि (नायलोन फिलामेंट धागे को छोड़कर) पर 10 प्रतिशत से 5 प्रतिशत, अन्य मानव निर्मित रेशे जैसे, अॅक्रेलिक, विस्कोस आदि (नायलोन स्टेपल रेशे को छोड़कर) पर 10 प्रतिशत से 5 प्रतिशत, मानव निर्मित स्टेपल रेशों एवं |

| | |
|---|---|
| | फिलामेंट धागों के स्पन धागों (नायलोन रेशों को छोड़कर) पर 10 प्रतिशत से 5 प्रतिशत; पॉलीएस्टर चिप्स पर 7.5 प्रतिशत से 5 प्रतिशत; रेशों के मध्यवर्ती पदार्थों यथा डाइमिथाइलइल टेरेप्थालेट(डीएमटी), प्योर टेरेप्लाथालिक एसीड (पीटीए), और मोनो एथिलीन ग्लाइकोल (एमईजी) पर 7.5 प्रतिशत से 5 प्रतिशत; तथा पैराक्सीलीन पर 2 प्रतिशत से शून्य प्रतिशत।<br>(ख) कपड़ा माल के निर्माता-निर्यातक को कारोबार प्रदर्शन सेवा के लिए भुगतान किए गए सेवा कर की वापसी।<br>(ग) निर्यातकों द्वारा संग्रहण तथा भंडारण सेवा और सफाई सेवा जैसी निर्यात से जुडी दो और करयोग्य सेवाओं पर भुगतान किए गए सेवा कर की वापसी लागू करना।<br>(घ) चमड़ा और चमड़ा उत्पाद, समुद्री उत्पाद, हथकरघा, वर्तमान योजना के तहत, आरएमजी और कार्पेट सहित लेकिन मानव निर्मित रेशे को छोड़कर, सभी प्रकार के वस्त्र जैसे क्षेत्रों को लदान पूर्व और लदान पश्चात ऋण पर अतिरिक्त 2 प्रतिशत (पहले से ही दिए गए 2 प्रतिशत के अलावा) आर्थिक सहायता। कुल आर्थिक सहायता इस शर्त के अधीन होगी कि आर्थिक सहायता के बाद ब्याज दर 7 प्रतिशत, जो प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के तहत कृषि पर लागू दर है, से नीचे नहीं जाएगी।<br>(ङ.) सीमांत उत्पाद शुल्क (टीईसी) तथा केंद्रीय बिक्री कर (सीएसटी) की अदायगी में देरी के लिए ब्याज अदायगी लागू करना। |

**स्रोतः** भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी अधिसूचना / प्रेस विज्ञप्ति

**विवरण 1 : भारत का विदेश व्यापार - नवंबर 2007**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 33,348 | 4,689 | 28,658 | 51,789 | 15,382 | 36,407 | -18,441 | -10,693 | -7,749 |
| | (4.3) | (43.5) | (-0.2) | (22.6) | (61.6) | (11.3) | | | |
| 2006-07 सं. | 43,943 | 6,079 | 37,864 | 68,812 | 19,145 | 49,666 | -24,868 | -13,066 | -11,802 |
| | (31.8) | (29.6) | (32.1) | (32.9) | (24.5) | (36.4) | | | |
| 2007-08 अ. | 49,000 | .. | .. | 78,209 | 22,966 | 55,244 | -29,209 | | |
| | (11.5) | | | (13.7) | (20.0) | (11.2) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 7,293 | 1,026 | 6,267 | 11,326 | 3,364 | 7,962 | -4,033 | -2,338 | -1,695 |
| | (2.9) | (41.6) | (-1.5) | (21.0) | (59.4) | (9.9) | | | |
| 2006-07 सं. | 9,798 | 1,355 | 8,442 | 15,342 | 4,269 | 11,074 | -5,545 | -2,913 | -2,631 |
| | (34.3) | (32.2) | (34.7) | (35.5) | (26.9) | (39.1) | | | |
| 2007-08 अ. | 12,425 | .. | .. | 19,832 | 5,823 | 14,008 | -7,407 | | |
| | (26.8) | | | (29.3) | (36.4) | (26.5) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 5,111 | 719 | 4,392 | 7,937 | 2,357 | 5,580 | -2,826 | -1,639 | -1,188 |
| | (9.2) | (50.2) | (4.5) | (28.4) | (69.2) | (16.5) | | | |
| 2006-07 सं. | 6,580 | 910 | 5,670 | 10,304 | 2,867 | 7,437 | -3,724 | -1,957 | -1,767 |
| | (28.7) | (26.6) | (29.1) | (29.8) | (21.6) | (33.3) | | | |
| 2007-08 अ. | 7,832 | .. | .. | 12,500 | 3,671 | 8,830 | -4,669 | | |
| | (19.0) | | | (21.3) | (28.0) | (18.7) | | | |

अ : अनंतिम  सं : संशोधित  .. : अनुपलब्ध

**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं ।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।

**विवरण 2 : भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल - मार्च** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 375,340 | 31,404 | 343,935 | 501,065 | 134,094 | 366,971 | -125,725 | -102,690 | -23,035 |
| | (27.9) | (91.5) | (24.2) | (39.5) | (41.9) | (38.7) | | | |
| 2005-2006 सं. | 456,418 | 51,533 | 404,885 | 660,409 | 194,640 | 465,769 | -203,991 | -143,107 | -60,884 |
| | (21.6) | (64.1) | (17.7) | (31.8) | (45.2) | (26.9) | | | |
| 2006-07 अ. | 571,779 | 84,520 | 487,259 | 840,506 | 258,572 | 581,935 | -268,727 | -174,052 | -94,675 |
| | (25.3) | (64.0) | (20.3) | (27.3) | (32.8) | (24.9) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 83,536 | 6,989 | 76,547 | 111,517 | 29,844 | 81,673 | -27,981 | -22,855 | -5,127 |
| | (30.8) | (95.9) | (27.0) | (42.7) | (45.1) | (41.8) | | | |
| 2005-2006 सं. | 103,091 | 11,640 | 91,451 | 149,166 | 43,963 | 105,203 | -46,075 | -32,323 | -13,752 |
| | (23.4) | (66.5) | (19.5) | (33.8) | (47.3) | (28.8) | | | |
| 2006-07 अ. | 126,361 | 18,679 | 107,683 | 185,749 | 57,144 | 128,606 | -59,388 | -38,465 | -20,923 |
| | (22.6) | (60.5) | (17.7) | (24.5) | (30.0) | (22.2) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 56,081 | 4,692 | 51,389 | 74,866 | 20,036 | 54,830 | -18,785 | -15,343 | -3,442 |
| | (25.6) | (88.0) | (21.9) | (36.9) | (39.2) | (36.1) | | | |
| 2005-2006 सं. | 70,774 | 7,991 | 62,783 | 102,405 | 30,182 | 72,224 | -31,632 | -22,191 | -9,441 |
| | (26.2) | (70.3) | (22.2) | (36.8) | (50.6) | (31.7) | | | |
| 2006-07 अ. | 85,018 | 12,567 | 72,451 | 124,975 | 38,447 | 86,528 | -39,957 | -25,880 | -14,077 |
| | (20.1) | (57.3) | (15.4) | (22.0) | (27.4) | (19.8) | | | |
| **अप्रैल-नवंबर** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2005-2006 | 281,428 | 31,500 | 249,928 | 411,728 | 122,257 | 289,471 | -130,300 | -90,757 | -39,543 |
| | (25.3) | (57.8) | (22.1) | (36.7) | (38.7) | (35.9) | | | |
| 2006-2007 सं. | 368,807 | 58,662 | 310,145 | 544,674 | 180,262 | 364,412 | -175,867 | -121,600 | -54,267 |
| | (31.0) | (86.2) | (24.1) | (32.3) | (47.4) | (25.9) | | | |
| 2007-08 अ. | 398,386 | .. | .. | 612,357 | 175,418 | 436,939 | -213,971 | | |
| | (8.0) | | | (12.4) | (-2.7) | (19.9) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2005-2006 | 63,882 | 7,150 | 56,732 | 93,459 | 27,751 | 65,708 | -29,577 | -20,601 | -8,976 |
| | (29.4) | (63.0) | (26.1) | (41.2) | (43.3) | (40.4) | | | |
| 2006-2007 सं. | 80,648 | 12,828 | 67,821 | 119,106 | 39,419 | 79,687 | -38,457 | -26,591 | -11,867 |
| | (26.2) | (79.4) | (19.5) | (27.4) | (42.0) | (21.3) | | | |
| 2007-08 अ. | 98,298 | 12623* | 59286* | 151,094 | 43,283 | 107,811 | -52,795 | | |
| | (21.9) | (26.8) | (15.8) | (26.9) | (9.8) | (35.3) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2005-2006 | 43,573 | 4,877 | 38,696 | 63,748 | 18,929 | 44,819 | -20,174 | -14,052 | -6,122 |
| | (29.9) | (63.6) | (26.6) | (41.8) | (43.9) | (40.9) | | | |
| 2006-2007 सं. | 54,540 | 8,675 | 45,865 | 80,548 | 26,658 | 53,890 | -26,008 | -17,983 | -8,025 |
| | (25.2) | (77.9) | (18.5) | (26.4) | (40.8) | (20.2) | | | |
| 2007-08 अ. | 63,956 | .. | .. | 98,306 | 28,161 | 70,145 | -34,350 | | |
| | (17.3) | | | (22.0) | (5.6) | (30.2) | | | |

अ : अनंतिम सं. : संशोधित .. : उपलब्ध नहीं * : अप्रैल - सितंबर से संबंधित।

**टिप्पणी** : 1. कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तद्नुरुपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।
2. अवधि की औसत विनिमय दर का प्रयोग करते हुए आंकड़ो में परिवर्तन किया गया है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।

## विवरण 3 : भारत से मुख्य वस्तुओं का निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| बस्तु समूह | अप्रैल-सितंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **7,181.7** | **8,499.7** | **9,802.9** | **18.4** | **15.3** |
| | **(15.0)** | **(13.9)** | **(13.6)** | | |
| **क. कृषि और संबद्ध उत्पाद** | **4,504.3** | **5,586.2** | **6,431.7** | **24.0** | **15.1** |
| *जिसमें से :* | **(9.4)** | **(9.1)** | **(8.9)** | | |
| 1. चाय | 194.1 | 227.3 | 218.4 | 17.1 | -3.9 |
| 2. कॉफी | 181.1 | 231.1 | 208.1 | 27.6 | -10.0 |
| 3. चावल | 692.6 | 700.4 | 1,135.4 | 1.1 | 62.1 |
| 4. गेहूं | 111.0 | 6.2 | 0.0 | -94.4 | -99.3 |
| 5. अपशेष सहित कच्ची रूई | 131.6 | 350.3 | 244.6 | 166.1 | -30.2 |
| 6. तंबाकू | 145.3 | 192.7 | 223.2 | 32.7 | 15.8 |
| 7. सीएनएसएल सहित काजू | 314.2 | 271.7 | 251.0 | -13.5 | -7.6 |
| 8. मसाले | 230.3 | 309.6 | 485.6 | 34.4 | 56.9 |
| 9. तेल खाद्य | 307.3 | 370.4 | 432.8 | 20.6 | 16.8 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 738.2 | 772.5 | 755.4 | 4.6 | -2.2 |
| 11. चीनी और खांडसारी | 16.0 | 513.0 | 614.9 | 3107.6 | 19.9 |
| **ख. अयस्क और खनिज** | **2,677.4** | **2,913.5** | **3,371.3** | **8.8** | **15.7** |
| *जिसमें से :* | **(5.6)** | **(4.8)** | **(4.7)** | | |
| 1. लौह अयस्क | 1,648.8 | 1,513.0 | 1,856.0 | -8.2 | 22.7 |
| 2. प्रसंस्करित खनिज | 513.4 | 684.9 | 608.3 | 33.4 | -11.2 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **34,604.4** | **40,934.8** | **46,720.1** | **18.3** | **14.1** |
| *जिसमें से :* | **(72.0)** | **(67.0)** | **(65.0)** | | |
| **क. चमड़ा और उससे बनी वस्तुएं** | **1,362.1** | **1,491.2** | **1,632.4** | **9.5** | **9.5** |
| **ख. रसायन और संबद्ध उत्पाद** | **6,782.3** | **8,273.5** | **9,215.3** | **22.0** | **11.4** |
| 1. मूलभूत रसायन, दवाईयां और प्रसाधन सामग्री | 4,111.3 | 5,200.9 | 5,985.4 | 26.5 | 15.1 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 1,395.4 | 1,567.8 | 1,484.7 | 12.4 | -5.3 |
| 3. रबड़, कांच, रंग और एनामेल आदि. | 957.1 | 1,156.3 | 1,328.6 | 20.8 | 14.9 |
| 4. अवशिष्ट रसायन और संबद्ध | 318.5 | 348.5 | 416.6 | 9.4 | 19.6 |
| **ग. इंजीनियरिंग वस्तुएं** | **10,166.8** | **14,005.8** | **16,917.2** | **37.8** | **20.8** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. धातु से विनिर्मित | 2,000.0 | 2,413.4 | 3,084.9 | 20.7 | 27.8 |
| 2. मशीन और उपकरण | 2,341.1 | 3,266.5 | 4,138.4 | 39.5 | 26.7 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 2,149.9 | 2,373.1 | 3,158.7 | 10.4 | 33.1 |
| 4. लोहा और इस्पात | 1,718.2 | 2,489.2 | 2,506.4 | 44.9 | 0.7 |
| 5. इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 965.4 | 1,379.2 | 1,551.6 | 42.9 | 12.5 |
| **घ. वस्त्र और वस्त्र से बने उत्पाद** | **7,738.6** | **8,634.6** | **8,744.8** | **11.6** | **1.3** |
| 1. सूती धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं आदि | 1,878.0 | 2,120.9 | 2,146.3 | 12.9 | 1.2 |
| 2. प्राकृतिक रेशमी धागा, कपड़ा उससे बनी वस्तुएं (सिल्क अपशेष सहित) | 223.9 | 222.2 | 190.1 | -0.8 | -14.4 |
| 3. कृत्रिम धागा, कपडा, उससे बनी वस्तुएं | 929.4 | 1,048.5 | 1,305.9 | 12.8 | 24.6 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल रेशों | 35.5 | 74.8 | 110.3 | 110.8 | 47.4 |
| 5. ऊनी धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं आदि | 43.4 | 43.2 | 41.1 | -0.3 | -4.9 |
| 6. तैयार कपड़े | 4,016.9 | 4,453.9 | 4,306.7 | 10.9 | -3.3 |
| 7. जूट और जूट विनिर्माण | 149.7 | 154.7 | 152.4 | 3.4 | -1.5 |
| 8. कॉयर और कॉयर उत्पाद | 65.4 | 69.5 | 75.8 | 6.3 | 9.1 |
| 9. कार्पेट | 396.5 | 446.9 | 416.1 | 12.7 | -6.9 |
| (क) हस्त निर्मित कार्पेट | 387.3 | 438.3 | 409.7 | 13.2 | -6.5 |
| (ख) मिल में निर्मित कार्पेट | 0.0 | 0.0 | 0.0 | | |
| (ग) रेशमी कार्पेट | 9.2 | 8.6 | 6.4 | -7.2 | -24.9 |
| **ङ रत्न और आभूषण** | **7,811.9** | **7,731.9** | **9,371.7** | **-1.0** | **21.2** |
| **च. हस्त शिल्प** | **251.7** | **243.5** | **150.4** | **-3.3** | **-38.2** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **4,892.2** | **9,956.1** | **12,623.4** | **103.5** | **26.8** |
| | **(10.2)** | **(16.3)** | **(17.6)** | | |
| **IV. अन्य** | **1,354.7** | **1,750.9** | **2,763.1** | **29.2** | **57.8** |
| | **(2.8)** | **(2.9)** | **(3.8)** | | |
| **कुल निर्यात** | **48,033.1** | **61,141.5** | **71,909.6** | **27.3** | **17.6** |

**अ :** अनंतिम ।
**टिप्पणी :** 1 - कोष्ठक के आंकड़े कुल निर्यात में उस अवधि के प्रतिशत अंश से संबंधित हैं ।
**स्रोत :** वाणिज्यक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।

**विवरण 4 : भारत के विदेश व्यापार की दिशा - निर्यात**

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-सितंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **21,528.5** | **24,998.4** | **28,319.0** | **16.1** | **13.3** |
| **क. यूरोपीय संघ** | **10,434.0** | **12,190.6** | **14,597.7** | **16.8** | **19.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 1,350.7 | 1,606.0 | 2,003.4 | 18.9 | 24.7 |
| 2. फ्रान्स | 1,057.3 | 1,075.4 | 1,150.3 | 1.7 | 7.0 |
| 3. जर्मनी | 1,646.4 | 1,916.3 | 2,286.0 | 16.4 | 19.3 |
| 4. इटली | 1,160.8 | 1,694.1 | 1,826.0 | 45.9 | 7.8 |
| 5. नीदरलैंड | 1,107.0 | 1,175.4 | 2,026.2 | 6.2 | 72.4 |
| 6. ब्रिटेन | 2,398.0 | 2,652.2 | 3,056.5 | 10.6 | 15.2 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **8,677.8** | **9,954.8** | **10,443.6** | **14.7** | **4.9** |
| 1. कनाडा | 495.8 | 571.1 | 589.3 | 15.2 | 3.2 |
| 2. अमरीका | 8,182.0 | 9,383.7 | 9,854.3 | 14.7 | 5.0 |
| **ग. एशिया और ओसीनिया** | **1,649.1** | **2,094.4** | **2,173.3** | **27.0** | **3.8** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 410.8 | 439.6 | 522.4 | 7.0 | 18.8 |
| 2. जापान | 1,151.6 | 1,216.5 | 1,580.8 | 5.6 | 30.0 |
| **घ. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **767.7** | **758.5** | **1,104.4** | **-1.2** | **45.6** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. स्विट्जरलैंड | 241.2 | 207.8 | 278.0 | -13.8 | 33.7 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **6,679.6** | **10,407.5** | **12,456.5** | **55.8** | **19.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 542.2 | 905.4 | 740.5 | 67.0 | -18.2 |
| 2. ईरान | 505.4 | 833.2 | 1,189.9 | 64.9 | 42.8 |
| 3. इराक | 43.4 | 100.9 | 90.4 | 132.6 | -10.4 |
| 4. कुवैत | 247.6 | 298.7 | 313.3 | 20.6 | 4.9 |
| 5. सऊदी अरब | 902.6 | 1,180.5 | 1,660.5 | 30.8 | 40.7 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 3,744.3 | 6,183.8 | 7,403.9 | 65.2 | 19.7 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **937.6** | **1,144.1** | **1,546.6** | **22.0** | **35.2** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. रूमानिया | 43.3 | 61.2 | 139.8 | 41.3 | 128.5 |
| 2. रूस | 350.9 | 417.2 | 407.6 | 18.9 | -2.3 |
| **IV. विकासशील देश** | **18,759.0** | **24,490.1** | **29,313.1** | **30.6** | **19.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| **क. एशिया** | **14,588.5** | **18,191.9** | **20,956.1** | **24.7** | **15.2** |
| **अ) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **2,665.8** | **3,306.4** | **3,677.1** | **24.0** | **11.2** |
| 1. बांग्ला देश | 773.1 | 801.9 | 1,003.8 | 3.7 | 25.2 |
| 2. भूटान | 52.2 | 27.5 | 37.0 | - | 34.6 |
| 3. मालदीव | 36.2 | 33.7 | 39.6 | -6.8 | 17.5 |
| 4. नेपाल | 412.4 | 468.5 | 582.3 | 13.6 | 24.3 |
| 5. पाकिस्तान | 288.4 | 749.8 | 775.8 | 160.0 | 3.5 |
| 6. श्रीलंका | 1,038.5 | 1,147.9 | 1,124.5 | 10.5 | -2.0 |
| 7. अफगानिस्तान | 64.9 | 76.9 | 114.0 | 18.5 | 48.2 |
| **आ) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **11,922.7** | **14,885.5** | **17,279.0** | **24.9** | **16.1** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 2,900.0 | 3,445.5 | 3,783.9 | 18.8 | 9.8 |
| 2. हांगकांग | 2,300.0 | 2,242.8 | 2,902.8 | -2.5 | 29.4 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 805.5 | 1,062.2 | 1,063.2 | 31.9 | 0.1 |
| 4. मलेशिया | 514.1 | 592.6 | 954.9 | 15.3 | 61.1 |
| 5. सिंगापुर | 2,693.9 | 3,504.9 | 3,045.8 | 30.1 | -13.1 |
| 6. थाइलैंड | 497.1 | 696.2 | 848.3 | 40.1 | 21.8 |
| **ख. अफ्रीका** | **2,578.6** | **4,328.0** | **5,940.3** | **67.8** | **37.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेनिन | 50.8 | 67.2 | 103.6 | 32.2 | 54.2 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 300.3 | 323.4 | 631.3 | 7.7 | 95.2 |
| 3. केन्या | 227.5 | 786.2 | 577.0 | 245.6 | -26.6 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 718.6 | 1,218.4 | 1,297.3 | 69.5 | 6.5 |
| 5. सूडान | 154.8 | 204.6 | 177.4 | 32.1 | -13.3 |
| 6. तंजानिया | 105.4 | 145.7 | 281.5 | 38.2 | 93.2 |
| 7. जांबिया | 32.2 | 61.5 | 79.0 | 91.0 | 28.4 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **1,591.9** | **1,970.2** | **2,416.7** | **23.8** | **22.7** |
| **V. अन्य** | **49.1** | **48.7** | **61.9** | **-0.8** | **27.2** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **79.3** | **52.8** | **212.6** | **-33.4** | **302.5** |
| **कुल निर्यात** | **48,033.1** | **61,141.5** | **71,909.6** | **27.3** | **17.6** |

**अ** - अनंतिम
**स्रोत** - वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।

**विवरण 5 : भारत के मुख्य वस्तुओं का आयात**

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल - सितंबर | | | प्रतिशत घट - बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I. थोक आयात** | **29,807.2** | **41,531.6** | **50,331.4** | **39.3** | **21.2** |
| | **(42.1)** | **(47.5)** | **(45.1)** | | |
| **क. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम के उत्पाद और संबद्ध सामग्री** | **20,952.1** | **29,576.0** | **34,583.2** | **41.2** | **16.9** |
| | **(29.6)** | **(33.8)** | **(31.0)** | | |
| **ख. थोक उपभोग वस्तुएं** | **1,602.0** | **1,453.1** | **1,987.5** | **-9.3** | **36.8** |
| 1. गेहू | 0.0 | 108.9 | 39.1 | - | - |
| 2. अनाज और अनाज से निर्मित पदार्थ | 14.1 | 17.4 | 17.1 | 23.7 | -2.0 |
| 3. खाद्य तेल | 1,184.2 | 1,045.0 | 1,388.7 | -11.8 | 32.9 |
| 4. दाल | 256.6 | 281.2 | 542.1 | 9.6 | 92.8 |
| 5. चीनी | 147.1 | 0.6 | 0.4 | - | - |
| **ग. अन्य थोक मदें** | **7,253.1** | **10,502.5** | **13,760.7** | **44.8** | **31.0** |
| 1. उर्वरक | 1,009.6 | 1,496.9 | 2,243.1 | 48.3 | 49.8 |
| क) कच्चा माल | 170.9 | 183.3 | 210.2 | 7.3 | 14.7 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेट आयरन पाइराइटस् | 71.7 | 48.9 | 97.5 | -31.8 | 99.4 |
| ग) विनिर्मित वस्तुएं | 767.1 | 1,264.8 | 1,935.4 | 64.9 | 53.0 |
| 2. अलौह धातु | 865.7 | 1,258.9 | 1,576.9 | 45.4 | 25.3 |
| 3. कागज, कागजी बोर्ड और न्यूजप्रिंट सहित विनिर्मित सामग्री | 471.7 | 650.2 | 683.1 | 37.9 | 5.1 |
| 4. कच्चा रबड़, कृत्रिम और द्वितीय श्रेणी उत्पाद सहित | 231.9 | 286.8 | 358.1 | 23.6 | 24.9 |
| 5. लुगदी और रद्दी कागज | 295.7 | 313.0 | 362.9 | 5.9 | 15.9 |
| 6. परिवहन के साधन | 1,890.7 | 3,587.7 | 4,092.6 | 89.8 | 14.1 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 2,487.8 | 2,908.9 | 4,444.0 | 16.9 | 52.8 |
| **II. थोक से इतर आयात** | **40,943.9** | **45,850.2** | **61,240.7** | **12.0** | **33.6** |
| | **(57.9)** | **(52.5)** | **(54.9)** | | |
| **क. पूंजीगत वस्तुएं** | **14,229.6** | **19,796.5** | **25,121.3** | **39.1** | **26.9** |
| 1. धातु से निर्मित | 583.8 | 708.5 | 991.4 | 21.4 | 39.9 |
| 2. मशीन - औजार | 486.5 | 678.3 | 940.9 | 39.4 | 38.7 |
| 3. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर मशीनें | 4,594.5 | 6,411.7 | 8,156.5 | 39.6 | 27.2 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनें | 688.7 | 949.8 | 1,221.9 | 37.9 | 28.6 |
| 5. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 6,272.5 | 8,317.6 | 10,388.5 | 32.6 | 24.9 |
| 6. परिवहन के साधन | 1,205.4 | 1,876.7 | 2,836.8 | 55.7 | 51.2 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 398.3 | 854.0 | 585.3 | 114.4 | -31.5 |
| **ख. मुख्यत: निर्यात से संबद्ध मदें** | **10,241.4** | **8,867.4** | **10,845.2** | **-13.4** | **22.3** |
| 1. मोती, बहुमूल्य और कम बहुमूल्य रत्न | 5,368.3 | 3,607.3 | 4,710.2 | -32.8 | 30.6 |
| 2. रसायन, आर्गेनिक और इनआर्गेनिक | 3,548.6 | 3,886.3 | 4,717.3 | 9.5 | 21.4 |
| 3. टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक आदि | 1,032.4 | 1,119.5 | 1,190.9 | 8.4 | 6.4 |
| 4. काजू नट, कच्चा | 292.2 | 254.4 | 226.8 | -13.0 | -10.8 |
| **ग. अन्य** | **16,472.9** | **17,186.3** | **25,274.3** | **4.3** | **47.1** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 6,952.1 | 6,736.9 | 11,521.6 | -3.1 | 71.0 |
| 2. कृत्रिम राल (रेजिन) और प्लास्टिक सामग्री | 1,126.7 | 1,307.8 | 1,729.2 | 16.1 | 32.2 |
| 3. इलेक्ट्रिकल को छोड़कर व्यावसायिक उपस्कर | 944.1 | 1,124.3 | 1,399.0 | 19.1 | 24.4 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 1,764.8 | 2,183.2 | 2,887.2 | 23.7 | 32.2 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 481.8 | 568.9 | 821.6 | 18.1 | 44.4 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 511.1 | 684.6 | 771.2 | 33.9 | 12.7 |
| 7. अर्धात्वक खनिज विनिर्माण | 306.0 | 379.9 | 459.5 | 24.1 | 20.9 |
| **कुल आयात** | **70,751.1** | **87,381.8** | **111,572.1** | **23.5** | **27.7** |
| *ज्ञापन मदें* | | | | | |
| **तेल से इतर आयात** | **49,799.0** | **57,805.8** | **76,988.9** | **16.1** | **33.2** |
| **सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात** | **42,847.0** | **51,068.9** | **65,467.3** | **19.2** | **28.2** |
| **मुख्यत : औद्योगिक निविष्टयां *** | **39,533.9** | **47,226.7** | **60,145.4** | **19.5** | **27.4** |

**अ** : अनंतिम
* : सोने और चांदी थोक उपभोग की वस्तुएं, विनिर्मित उर्वरक और व्यावसायिक उपकरण के निवल तेल से इतर आयात ।
**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि के कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं ।
**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।

## विवरण 4 : भारत के विदेश व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-सितंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **24,007.6** | **27,870.2** | **37,738.5** | **16.1** | **35.4** |
| **क. यूरोपीय संघ** | **11,090.4** | **12,321.0** | **15,546.2** | **11.1** | **26.2** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 2,574.8 | 1,950.8 | 2,630.3 | -24.2 | 34.8 |
| 2. फ्रान्स | 761.2 | 974.7 | 1,137.6 | 28.1 | 16.7 |
| 3. जर्मनी | 2,846.2 | 3,586.5 | 4,289.4 | 26.0 | 19.6 |
| 4. इटली | 882.9 | 1,248.2 | 1,667.6 | 41.4 | 33.6 |
| 5. नीदरलैड | 538.3 | 512.3 | 771.7 | -4.8 | 50.6 |
| 6. ब्रिटेन | 1,996.7 | 1,912.0 | 2,483.8 | -4.2 | 29.9 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **4,306.9** | **5,640.7** | **7,224.9** | **31.0** | **28.1** |
| 1. कनाडा | 450.4 | 574.0 | 785.2 | 27.5 | 36.8 |
| 2. अमरीका | 3,856.5 | 5,066.7 | 6,439.7 | 31.4 | 27.1 |
| **ग. एशिया और ओसीनिया** | **4,370.6** | **5,687.0** | **7,534.9** | **30.1** | **32.5** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 2,563.7 | 3,398.7 | 4,444.9 | 32.6 | 30.8 |
| 2. जापान | 1,720.8 | 2,144.9 | 2,921.8 | 24.6 | 36.2 |
| **घ. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **4,239.7** | **4,221.5** | **7,432.4** | **-0.4** | **76.1** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. स्विट्जरलैंड | 4,054.6 | 3,933.6 | 6,192.8 | -3.0 | 57.4 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **5,704.2** | **28,460.9** | **33,490.1** | **398.9** | **17.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 1,458.7 | 1,760.6 | 2,331.6 | 20.7 | 32.4 |
| 2. ईरान | 357.5 | 3,824.8 | 4,634.3 | 969.9 | 21.2 |
| 3. इराक | 1.0 | 2,969.5 | 2,837.0 | - | - |
| 4. कुवैत | 156.7 | 2,892.1 | 3,078.2 | 1,745.7 | 6.4 |
| 5. सऊदी अरब | 716.2 | 7,193.4 | 7,987.0 | 904.5 | 11.0 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 2,565.2 | 4,422.4 | 6,172.1 | 72.4 | 39.6 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1,988.9** | **2,028.3** | **2,431.9** | **2.0** | **19.9** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. रूमानिया | 176.7 | 111.5 | 229.8 | -36.9 | 106.2 |
| 2. रूस | 1,039.5 | 869.4 | 1,009.1 | -16.4 | 16.1 |
| **IV. विकासशील देश** | **17,947.9** | **28,755.8** | **37,480.8** | **60.2** | **30.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **14,217.3** | **22,942.0** | **29,639.9** | **61.4** | **29.2** |
| **क) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **651.6** | **766.4** | **809.3** | **17.6** | **5.6** |
| 1. बांग्लादेश | 45.6 | 128.3 | 130.8 | 181.3 | 2.0 |
| 2. भूटान | 39.3 | 55.1 | 92.9 | 40.0 | 68.8 |
| 3. मालदीव | 0.9 | 1.5 | 1.7 | - | - |
| 4. नेपाल | 183.8 | 140.5 | 189.0 | -23.6 | 34.5 |
| 5. पाकिस्तान | 84.7 | 148.6 | 128.1 | 75.5 | -13.8 |
| 6. श्रीलंका | 277.4 | 265.5 | 233.1 | -4.3 | -12.2 |
| 7. अफगानिस्तान | 19.9 | 27.0 | 33.6 | 35.4 | 24.6 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **13,565.7** | **22,175.6** | **28,830.5** | **63.5** | **30.0** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 4,970.4 | 7,991.9 | 12,534.3 | 60.8 | 56.8 |
| 2. हांगकांग | 1,098.0 | 1,221.4 | 1,279.6 | 11.2 | 4.8 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 2,054.9 | 2,400.9 | 2,693.3 | 16.8 | 12.2 |
| 4. मलेशिया | 1,180.8 | 2,562.5 | 2,924.3 | 117.0 | 14.1 |
| 5. सिंगापुर | 1,489.3 | 2,698.2 | 3,474.0 | 81.2 | 28.8 |
| 6. थाइलैंड | 602.7 | 812.3 | 1,169.1 | 34.8 | 43.9 |
| **आ. अफ्रीका** | **2,494.3** | **3,552.1** | **5,198.3** | **42.4** | **46.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेनिन | 62.9 | 59.2 | 54.2 | -5.9 | -8.4 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 138.1 | 935.2 | 965.8 | 577.1 | 3.3 |
| 3. केन्या | 26.6 | 27.9 | 38.1 | 5.0 | 36.4 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,343.4 | 1,288.7 | 2,086.0 | -4.1 | 61.9 |
| 5. सूडान | 15.9 | 47.7 | 144.7 | 200.0 | 203.5 |
| 6. तंजानिया | 21.6 | 17.7 | 23.7 | -18.3 | 34.2 |
| 7. जांबिया | 20.7 | 67.6 | 56.1 | - | -17.0 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **1,236.3** | **2,261.6** | **2,642.6** | **82.9** | **16.8** |
| **V. अन्य** | **15.7** | **33.4** | **42.7** | **112.3** | **27.9** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **21,086.7** | **233.3** | **388.1** | **-98.9** | **66.4** |
| **कुल निर्यात** | **70,751.1** | **87,381.8** | **111,572.1** | **23.5** | **27.7** |

**अ** : अनंतिम

**टिप्पणी** : 1. कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि के कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं ।

2. 2006-07 के आंकड़े, जिनमें पेट्रोलियम आयात का देशवार वर्गीकरण शामिल है, पिछले वर्ष के डाटा से भिन्न हो सकते हैं ।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।